अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**13 SEP. 2023**

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**
(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. भारत लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर एयरफील्ड बना रहा है**



- भारत लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचा फाइटर एयरफील्ड बना रहा है.
- बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन द्वारा तैयार किया जा रहा यह एयरफील्ड पूर्वी लद्दाख में स्थित है जो चीन से मुकाबले के लिए एक महत्वपूर्ण लोकेशन है.
- इस प्रोजेक्ट को 218 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है.
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के सांबा में 90 से अधिक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की शुरुआत की है.

**2. विराट कोहली वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 13000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए**



- भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 13000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए है.
- कोहली ने 267 पारियों में ही यह मुकाम हासिल किया. कोहली 13,000 एकदिवसीय रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गए है.
- इसके साथ ही विराट कोहली ने अपना 47वां वनडे शतक भी जड़ा. कोहली, सचिन के वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने से केवल दो शतक दूर हैं.

**3. एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट के लिए अडानी ग्रीन के साथ समझौता किया**




- एनटीपीसी लिमिटेड के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने डाउनस्ट्रीम एनर्जी कंपनी नायरा एनर्जी (Nayara Energy) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- इस समझौते का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा क्षेत्र में अवसरों की खोज करना है.
- यह समझौता पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है.
- नायरा एनर्जी रिफाइनिंग से लेकर रिटेल तक हाइड्रोकार्बन में मजबूत क्षमता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक डाउनस्ट्रीम कंपनी है.

**4. डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वन वीक वन लैब कार्यक्रम का शुभारंभ किया**




- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में वन वीक वन लैब कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- इस कार्यक्रम के दौरान, देश भर में फैली 37 वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषदों की प्रयोगशालाएं अपने अनुसंधान परिणामों और उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगी।
- यह कार्यक्रम शनिवार तक चलेगा।
- इसमें दर्शक, मंत्रालय के विभागों का दौरा कर सकते हैं और इसकी शैक्षणिक तथा अनुसंधान पहल को देख सकते हैं।

**5. नाबार्ड ने कृषि में डेटा-संचालित इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ साझेदारी की**



- नाबार्ड ने कृषि में डेटा-संचालित इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ साझेदारी की है.
- एक संयुक्त बयान में नाबार्ड और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने इसकी घोषणा की.
- इसका उद्देश्य ओपन-सोर्स डेटा साझा करके छोटे किसानों की आजीविका में सुधार करना है.
- नाबार्ड, भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और शीर्ष सहकारी बैंकों के समग्र विनियमन के लिए एक शीर्ष निकाय है.
- इसकी स्थापना 1982 में की गयी थी.

**6. भारत की किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया बैडमिंटन मास्टर्स का खिताब जीता**



- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 2023 में पुरुष एकल का खिताब जीत लिया है.
- बैडमिंटन रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज किरण जॉर्ज ने जापान के कू ताकाहाशी को हराया.
- किरण जॉर्ज ने पिछले साल फाइनल में प्रियांशु रावत को हराकर ओडिशा ओपन का ख़िताब जीता था.
- किरण जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे.

**7. नागरहोल टाइगर रिज़र्व में बाघ के हमले से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई**



- हाल ही में नागरहोल टाइगर रिज़र्व में बाघ के हमले से एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई
- बता दें कि 'नागरहोल टाइगर रिज़र्व' कर्नाटक राज्य के मैसूर और कोडागु ज़िलों में स्थित है
- इस रिज़र्व का नाम एक छोटी नदी 'नागरहोल' के नाम पर रखा गया है, जो काबिनी नदी की एक सहायक नदी है
- यह नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है
- इसे 1955 में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था
- जबकि, इसे 1988 में एक राष्ट्रीय उद्यान में अपग्रेड किया गया था और 1999 में इसे टाइगर रिज़र्व घोषित करके प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत लाया गया था

**8. विश्व सर्वश्रेष्ठ देशों की रिपोर्ट 2023 में स्विट्जरलैंड नंबर 1 स्थान पर है**




- नवीनतम अमेरिकी समाचार और विश्व रिपोर्ट की वार्षिक सर्वश्रेष्ठ देशों की रैंकिंग के अनुसार, स्विट्जरलैंड ने एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देश का खिताब जीता है।
- यह स्विट्जरलैंड के लगातार दूसरे वर्ष शिखर पर रहने और कुल मिलाकर छठी बार सूची में नंबर 1 देश बनने का प्रतीक है।
- स्विट्जरलैंड के बाद कनाडा नंबर 2 पर, स्वीडन नंबर 3 पर, ऑस्ट्रेलिया नंबर 4 पर और संयुक्त राज्य अमेरिका नंबर 5 पर है। संयुक्त राज्य अमेरिका अपनी 2022 रैंकिंग की तुलना में एक स्थान नीचे खिसक गया है।

**9. प्रग्गनानंद ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया 2023 ओपन ब्लिट्ज में तीसरा स्थान हासिल किया**



- विश्व कप उपविजेता आर प्रगनानंद टाटा स्टील शतरंज इंडिया 2023 ओपन ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे।
- विश्व चैंपियन अलेक्जेंडर ग्रिशुक ने कोलकाता में टाटा स्टील शतरंज इंडिया 2023 का ओपन ब्लिट्ज खिताब जीता।
- प्रग्गनानंद ने शुरुआत में चार गेमों में अजेय रहकर प्रतियोगिता का नेतृत्व किया।
- उन्हें नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव (13वें राउंड), अलेक्जेंडर ग्रिशुक (15वें राउंड) और विदित गुजराती (16वें राउंड) के खिलाफ महत्वपूर्ण हार का सामना करना पड़ा।

**10. इंग्लैंड के मोईन अली वनडे क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के तीसरे स्पिनर बने**



- इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली ने वनडे क्रिकेट में 100 विकेट पूरा करने वाले इंग्लैंड के तीसरे स्पिनर बन गए है.
- मोईन साउथेम्प्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे के दौरान इस मुकाम हासिल किया.
- मोईन अली के वनडे में 49.20 की औसत से 101 विकेट हो गए है.

194 मैचों में 269 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के अब तक के सबसे सफल वनडे गेंदबाज हैं.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. दुनिया के सबसे उंचे फाइटर एयरफील्ड का विकास कहां किया जा रहा है?**
(a) श्रीनगर
(b) बाकू
(c) काठमांडू
(d) लद्दाख

**2. वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में किस खिलाड़ी ने सबसे तेज 13000 रन पूरे किये है?**
(a) बाबर आजम
(b) स्टीव स्मिथ
(c) विराट कोहली
(d) डेविड वार्नर

**3. एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट के लिए किसके साथ समझौता किया है?**
(a) नायरा एनर्जी
(b) टाटा ग्रीन
(c) अडानी ग्रीन
(d) इनमें से कोई नहीं

**4. नई दिल्ली में 'वन वीक वन लैब' प्रोगाम को किसने लांच किया?**
(a) राजनाथ सिंह
(b) एस जय शंकर
(c) डॉ. जितेंद्र सिंह
(d) अनुराग ठाकुर

**5. नाबार्ड ने डेटा-संचालित इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए किसके साथ समझौता किया है?**
(a) नीति आयोग
(b) सी-डैक
(c) मेटा
(d) यूएनडीपी इंडिया

**6. इंडोनेशिया मास्टर्स 2023 में पुरुष एकल ख़िताब किस खिलाड़ी ने जीता?**
(a) किरण जॉर्ज
(b) लक्ष्य सेन
(c) कू ताकाहाशी
(d) प्रियांशु रावत

**7. हाल ही में चर्चित 'नागराहोल टाइगर रिज़र्व' किस राज्य में स्थित है?**
(a) महाराष्ट्र
(b) राजस्थान
(c) तेलंगाना
(d) कर्नाटक

**8. यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट की वार्षिक सर्वश्रेष्ठ देशों की रैंकिंग के अनुसार, किस देश ने एक बार फिर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ देश का खिताब अपने नाम किया है?**
(a) स्विट्जरलैंड
(b) जर्मनी
(c) फ्रांस
(d) बुल्गारिया

**9. विश्व कप उपविजेता आर प्रगनानंद ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया 2023 ओपन ब्लिट्ज टूर्नामेंट में कौन सी रैंक हासिल की है?**
(a) 1st
(b) 2nd
(c) 3rd
(d) 4th

**10. वनडे क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के तीसरे स्पिनर कौन बने है?**
(a) आदिल राशिद
(b) एडम जम्पा
(c) मोईन अली
(d) सैम करन

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (c) | (c) | (d) | (a) | (d) | (a) | (c) | (c) |